हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

14 आमजन के साथ संवेदनशीलता व सम्मानपूर्वक व्यवहार करें...



14 33 फीसदी आरक्षण को लेकर डीसी कार्यालय पर...



## खबर संक्षेप

### 185 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिलगेट ने किरतान गांव में एक व्यक्ति को 185 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पहचान किरतान गांव निवासी अशोक उर्फ गोदू के रूप में हुई है। उप निरीक्षक धर्मबीर ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ गांव किरतान में गश्त पर थे कि एक सूचना के आधार पर आरोपी अशोक उर्फ गोदू को काबू किय गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 185 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ सदर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहतकेस दर्ज कर लिया गया है।

### दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के केस में आरोपी दबोचा

**उकलाना।** पुलिस ने दुष्कर्म करने व पॉक्सो अधिनियम के मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी की पहचान भैरी अकबरपुर निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। एएसआई किरन ने बताया कि बाल कल्याण समिति अध्यक्ष करनाल चन्द्र प्रकाश कि शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार किया गया है।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 20 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कैमरी रोड़, मॉल कॉलोनी, प्रेम नगर, सेक्टर-14 के आस-पास क्षेत्र से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गोअभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 153 वाहनों के चालान

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा गश्त, चेकिंग एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार रात को विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान 678 वाहनों की जांच की गई, तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 153 वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस टीमों ने विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाने के 11, सीट बेल्ट का उपयोग न करने का एक, ड्रिंक एंड ड्राइव का एक तथा ओवर स्पीड तथा आवश्यक दस्तावेज साथ न रखने वाले 22 वाहन चालकों के चालान किए गए।

### 73300 रुपये और ताश सहित चार जुआरी काबू

**आदमपुर।** सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलने व सट्टा खाईवाली करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आदमपुर पुलिस ने मोडाखेड़ा गांव के खेत में छापा मारकर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे 73300 रुपये की जुआ राशि व ताश के पत्तों बरामद किए हैं। आदमपुर थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया शर्मा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान आर्य नगर निवासी रतनलाल, फतेहाबाद के गदली गांव निवासी दीनदयाल, चुली खुर्द निवासी छोटू राम व जवाहर नगर आदमपुर निवासी राजेश के रूप में हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार उप निरीक्षक साहब राम ने गश्त के दौरान अपनी टीम सहित दबिश देकर चारों को काबू किया। आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### लड़ाई झगड़े मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी ने एक उद्घोषित आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान चारकुतुब गेट निवासी सुमित के रूप में हुई है। सुमित को अदालत द्वारा 17 अप्रैल को लड़ाई झगड़े के एक मामले में अदालत में निर्धारित तिथि पर लगातार गैरहाजिर रहने पर उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पीओ स्टाफ ने आरोपी का पता लगा उसे काबू कर लिया।

# एचएसवीपी ने पॉश एरिया में पीला पंजा चला 100 जगह से हटवाए कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की तरफ से गुरुवार को सेक्टर 16-17 में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। एचएसवीपी ने पहले दिन सेक्टर 16-17 की कोठी नंबर 19 से लेकर 936 तक जहां से ग्रीन बेल्ट एरिया या फिर सरकारी जगह पर किए गए अतिक्रमण को ढहा दिया। इस दौरान एचएसवीपी अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से करीब 100 जगहों पर अवैध निर्माण को गिरा दिया गया। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई अब अगले सप्ताह होगी। कार्रवाई के दौरान मार्केट कमेटी के एसडीओ सुरेंद्र बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। किसी भी विरोध की संभावना को देखते टीम के साथ पुलिस भी साथ था। एक स्थान पर खोखा उठाने को लेकर मदद एनजीओ के अध्यक्ष संजीव भोजराज की एचएसवीपी टीम के साथ बहस भी हुई, लेकिन वहां मौजूद वरिष्ठ इनेलो नेता दलबीर किरमारा ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करवाया। उसके बाद एचएसवीपी ने शाम तक कार्रवाई जारी रखी।

### हाईकोर्ट ने एचएसवीपी-डीटीपी को दिए थे निर्देश

*बता दें कि हाईकोर्ट ने एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए एचएसवीपी और नगर योजनाकार विभाग को सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के आदेश दिए थे। इसी के तहत नगर योजनाकार विभाग ने पिछले दिनों ग्लोबल स्पेस में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। कोर्ट के इसी आदेश के संदर्भ में एचएसवीपी ने भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। जानकारी के अनुसार एचएसवीपी अधिकारी व कर्मचारी गुरुवार की दोपहर को जेसीबी लेकर सेक्टर 16-17 में पहुंचे और ग्रीन बेल्ट एरिया में किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने जेसीबी की मदद से सड़कों के किनारे बनाई गई ग्रीन बेल्ट, लॉन, चहारदीवारी को गिरा दिया। इस दौरान किसी भी सेक्टर वासी ने एचएसवीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं किया। कुछ स्थानों पर एचएसवीपी की कार्रवाई से पहले ही सेक्टरवासियों ने अतिक्रमण को पहले ही हटाया हुआ था।*



### ये रहेगा शेड्यूल

| सेक्टर | तिथि | सेक्टर | तिथि |
|---|---|---|---|
| 15 व डिफेंस कॉलोनी | 4 से 6 मई | 14 व 14 पार्ट टू | 18 से 21 मई |
| 13 व 13 पार्ट टू | 7 से 8 मई | 33 | 25 से 26 मई |
| 9 व 11 | 11 से 13 मई | 1-4 व 3-5 | 1 से 4 जून |
| अर्बन एस्टेट टू व पीएलए | 14 से 15 मई | 24 व एमजीए | 9 से 10 जून |

### कार्रवाई शुरू

हाईकोर्ट के आदेश पर एचएसवीपी ने सेक्टर 16-17 से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी सेक्टर्स में अतिक्रमण हटाने के लिए शेड्यूल बना लिया गया है। यह शेड्यूल 44 दिन का है। प्रत्येक सेक्टर में 3-4 दिन का शेड्यूल बनाया है। लोगों को आवागमन में असुविधा होने के कारण अतिक्रमण पर कार्रवाई जा रही है। एचएसवीपी की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

**-रामप्रसाद,** एसडीओ सर्वे, एचएसवीपी।

### बाजारों से चलाया अभियान

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को अभियान की शुरुआत राजगुरु मार्केट, आर्य बाजार, बिश्नोई मंदिर मार्केट से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके अलावा बस स्टैंड से बरवाला चुंगी और बरवाला चुंगी से पुल तक। बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ तलाकी गेट से लेकर ऋषि नगर तक अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा रेलवे रोड अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान चार रेहड़ी संचालकों का सामान भी जब्त किया।

## लोगों ने रेलवे पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी, मौके पर पहुंचे अधिकारी

# आदमपुर रेलवे पुलिस चौकी से महज 20 मीटर दूर युवक को मौत के घाट उतारा



आदमपुर। डीएसपी किशोरी लाल एवं अन्य पुलिस अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

रेलवे स्टेशन पर इंदिरा कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय मजदूर प्रदीप की रात को हत्या कर दी गई। हत्या रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे पुलिस चौकी से मात्र 15 से 20 मीटर की दूरी पर की गई। इस हत्या ने वर्ष 2014 में रेलवे स्टेशन के पास ही जिला पार्षद ईश्वर बगला की हत्या की याद ताजा कर दी क्योंकि यह हत्या भी ठीक उसी जगह उसी तरह की गई है तथा युवक के मुंह पर काफी चोटें मारी गई हैं। घटना का पता गुरुवार सुबह उस समय चला जब लोगों ने शव पड़े देखा। तब उन्होंने परिजनों को सूचना दी। सूचना के बाद भारी संख्या में लोग तथा मृतक के परिजन पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने रेलवे पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि चंद कदमों की दूरी पर पुलिस चौकी थी तथा घटना का पुलिस वालों को भी सुबह ही पता लगा। नारेबाजी कर रहे लोगों ने कहा कि जब तक पुलिस व रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक शव नहीं उठाएंगे और न ही उठाने देंगे। सूचना मिलने पर डीएसपी किशोरी लाल, रेलवे थाना अध्यक्ष व आदमपुर थाना प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। डीएसपी ने परिवारजनों व मौजूद लोगों को आश्वासन दिया के मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी तथा दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस की फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची तथा फिंगरप्रिंट व अन्य साक्ष्य लिए। डीएसपी के आश्वासन पर परिजन व अन्य लोग शांत हुए तथा पोस्टमार्टम कराने को तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस मौके पर समाजसेवी लक्ष्मी गोयल, जगदीश भादू, सुभाष धाधल, कुलदीप ज्याणी, विनोद खन्ना, कमलेश, रमेश मल्होत्रा, मांगेराम, ओमप्रकाश कन्वाड़िया, जगत अग्रवाल व मोहित गोयल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



हिसार : एसपी से मिलने जाते बसपा का प्रतिनिधिमंडल एवं मृतक अनिल के परिजन।

## इधर...अनिल हत्याकांड में एसआईटी का गठन, जांच अधिकारी को हटाया

**हिसार।** तलवंडी बादशाहपुर गांव में रोड पर ट्रक से कुचलकर अनिल की हत्या के मामले में केस से हटाई गई हत्या की धारा को वापिस जोडने तथा इस मामले में एसआईटी के गठन की मांग पर बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक अनिल के परिजनों के साथ एसपी से मिला। परिजनों की ओर से एसपी को एक शिकायत सौंपी गई। बसपा नेताओं व अनिल के परिजनों से एसपी को बताया कि इस मामले में केस से हत्या की धारा हटाकर पुलिस मिलीभगत करके हत्या को हादसा साबित करना चाहती है जबकि मौके पर मौजूद चश्मदीद मृतक के साले राहुल ने एफआईआर में अपने बयान दर्ज करवाकर बंटी, रणदीप, सोमबीर व कर्ण पर ट्रक से कुचलकर रंजिशन अनिल की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मिलीभगत करके केस को कमजोर करने की कोशिश कर रही है जबकि यह सरासर हत्या का मामला है। उन्होंने एसपी से मांग की कि केस की जांच कर रहे आईओ को केस से हटाकर अन्य अधिकारी को इसकी जांच सौंपी जाए तथा केस में हत्या की धारा पुनः जोड़ी जाए।

### हत्या की धारा हटाने की जांच के आदेश

एसपी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और तुरंत इस मामले में कार्रवाई करते हुए एसआईटी का गठन करने के आदेश दे दिए। इसके साथ ही एसपी ने केस के जांच अधिकारी (आईओ) डीएसपी सुनील कुमार को केस से हटाकर केस से हत्या की धारा हटाए जाने की जांच के आदेश भी दिए हैं। मामले के अनुसार गत 25 अप्रैल को अनिल व उसका साला राहुल हिसार से तलवंडी बादशाहपुर जा रहे थे। रास्ते में ट्रक से मिट्टी का रोड़ा ऊपर गिरने पर ट्रक चालक से बहस हो गई। ट्रक चालक ने फोन करके कुछ लोगों को बुला लिया और वहां मजदूरी के पैसे के पुराने लेन-देन को लेकर रंजिशन वहां लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करके अनिल की ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में आजाद नगर थाना में केस दर्ज किया गया है। इस अवसर पर बसपा प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह धानिया, जिला अध्यक्ष रविंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पातन, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश सभरवाल, नलवा हलका अध्यक्ष अनिल चोपड़ा व जय भीम आर्मी चेयरमैन संजय चौहान सहित अनिल के पिता सत्यवान व अन्य परिजन एसपी से मिले।

# हांसी में निजी बस से स्वर्ण कारीगर के बैग से 20 किलो चांदी चोरी

- ढाबे पर रुकी थी बस, नाश्ता कर लौटा तो बैग सीट पर था लेकिन सामान मिला गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एक निजी बस के अंदर से लगभग 20 किलोग्राम चांदी चोरी होने का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शातिर चोरों ने इस वारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया कि उन्होंने बैग को अपनी जगह से हिलाया तक नहीं, लेकिन उसके अंदर रखा चांदी से भरा पॉलिथीन गायब कर दिया।

सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर कारीगर नवीन की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहाबाद निवासी व्यापारी दीपक सोनी के अनुसार, उनका कारीगर नवीन 30 अप्रैल की सुबह मथुरा से चांदी लेकर निजी ट्रेवल्स बस द्वारा फतेहाबाद के लिए निकला था। नवीन ने सुरक्षा के लिहाज से करीब 20 किलो चांदी को एक पॉलिथीन में लपेटकर अपने बैग के अंदर रखा हुआ था।

घटना सुबह करीब 5:40 बजे की है, जब बस रामायण टोल प्लाजा से पहले एक पेट्रोल पंप के समीप एक ढाबे पर रुकी। बस स्टाफ द्वारा 15-20 मिनट के ब्रेक की घोषणा के बाद नवीन भी बस से नीचे उतरा।



### स्टाफ के व्यवहार पर सवाल

पीड़ित नवीन का आरोप है कि जब उसने इस चोरी के बारे में बस चालक और स्टाफ को बताया, तो उन्होंने सहयोग करने के बजाय उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस संदिग्ध रवैये के कारण पुलिस और पीड़ित पक्ष का शक बस स्टाफ पर भी गहरा गया है। सूचना मिलते ही मालिक दीपक सोनी मौके पर पहुंचे और काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### पुलिस खंगाल रही फुटेज

थाना सदर हांसी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत केस दर्ज किया गया है। पेट्रोल पंप और आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है बस स्टाफ और सवार अन्य यात्रियों से भी पूछताछ की जा रही है।

और जब वह वापस अपनी सीट पर लौटा, तो बैग अपनी जगह पर सुरक्षित था, लेकिन चेन खोलने पर उसके होश उड़ गए। अंदर से चांदी का पॉलिथीन नदारद था।

## शिव मंदिर में चोरी का आरोपी दबोचा

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने प्राचीन शिव मंदिर शिवालय में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही जितेंद्र ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अग्रोहा बस स्टेंड निवासी अमन के रूप में हुई है।

इस संबंध में पुलिस को दी गई शिकायत में अग्रोहा शक्तिपीठ के प्रबंधक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से अग्रोहा शक्तिपीठ में प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि अग्रोहा स्थित प्राचीन मंदिर शिवालय, जो कि शक्तिपीठ की ही एक शाखा है, में प्रेमचंद पुजारी निवास करते हैं। पुजारी प्रेमचंद ने सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र (गोलक) से लगभग दो हजार रुपये की नकदी और कमरे में रखे तीन कट्टे गेहूं चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपी अमन को कुलेरी मोड़ के पास से काबू कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि चोरीशुदा नकदी और सामान बरामद किया जा सके।

## उकलाना क्षेत्र में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस ने उकलाना क्षेत्र में एक बंद मकान में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा सोने के आभूषण, एयर पिस्टल और अन्य सामान बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान वार्ड 13 उकलाना निवासी संदीप के रूप में हुई है। उकलाना थाना प्रभारी उप निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि इस संबंध में वार्ड 16 निवासी निशान सिंह ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह 14 अप्रैल को अपने परिवार सहित चंडीगढ़ गया था। गत 24 अप्रैल को वापस लौटने पर उसने देखा कि रसोई की खिड़की की जाली काटकर किसी ने घर में प्रवेश किया और सोने की अंगूठियां, सोने की चेन, चांदी के कड़े, पाजेब, एक बच्चों वाली एयर पिस्टल, घड़ियां और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे चोरीशुद्धा सामान एक सोने की अंगूठी, एक तबीजी, एक ईयरफोन, एक की पैड मोबाइल फोन व एक स्पोर्ट्स गेम वाली एयर पिस्टल, एक हाथ घड़ी और एक चश्मा बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**प्रशासन अलर्ट** एनजीटी सर्वे टीम के दौरे से पहले लापरवाही पर अफसरों को लगाई फटकार

# एडीसी ने सड़कों पर उतरकर जांची सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की टीम के संभावित दौरे को लेकर हांसी प्रशासन एक्शन मोड में है। एडीसी लक्षित शरीन ने गुरुवार सुबह शहर के विभिन्न वार्डों और मुख्य चौक चौराहों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने दौरान उन्होंने सफाई के काम में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। एडीसी लक्षित सरीन ने निरीक्षण की शुरुआत नई ऑटो मार्केट में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे टिप्परों की बारीकी से जांच की और यह सुनिश्चित किया कि उनमें लगे जीपीएस (जीपीएस) सिस्टम सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं या नहीं। एडीसी ने कहा कि कचरा उठाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी है ताकि कोई भी क्षेत्र छूट न जाए।



हांसी। कचरा कलेक्शन के लिए लगे टीपरों के दस्तावेज जांचते एडीसी लक्षित सरीन।

### रैंकिंग सुधारने की चुनौती

बता दें कि पिछले वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण में हांसी 69वें स्थान पर रहा था। इस बार नगर परिषद का लक्ष्य टॉप रैंकिंग में जगह बनाना है। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने जींद चौक के पास सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य सड़कों के साथ-साथ भीतरी गलियों से भी कचरा तुरंत उठाया जाए।

### एनजीटी के डंडे का डर

प्रशासन की इस सक्रियता के पीछे एनजीटी का संभावित निरीक्षण भी एक बड़ी वजह है। प्रदूषण और कचरा प्रबंधन को लेकर एनजीटी सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी सप्ताह स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम भी शहर का रुख कर सकती है, जिसे देखते हुए नगर परिषद दिन-रात एक किए हुए है।

### जनता से भी सहयोग की अपील

दौरे के अंत में एडीसी लक्षित सरीन ने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वे सड़कों पर ना फेंककर केवल नगर परिषद की गाड़ियों में ही डालें। प्रशासन का मानना है कि जनभागीदारी के बिना रैंकिंग में सुधार करना संभव नहीं है। फिलहाल, प्रशासन की इस सख्ती से नगर परिषद के अमले में हड़कंप मचा हुआ है।

### धरातल पर दिखना चाहिए काम

एडीसी लक्षित शरीन ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल कागजों पर सफाई दिखाना नहीं, बल्कि धरातल पर बदलाव लाना है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में हांसी को अव्वल बनाने के लिए हर अधिकारी और नागरिक को जिम्मेदारी निभानी होगी। इसलिए कचरा प्रबंधन में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। इस अवसर पर एडीसी लक्षित सरीन ने ईओ राजेंद्र सोनी को निर्देश दिए कि वे स्वयं रोजाना फील्ड में निकलें और सफाई कर्मचारियों की हाजिरी व काम की रिपोर्ट तैयार करें। निरीक्षण के दौरान एडीसी के साथ नगर परिषद के ईओ राजेंद्र सोनी, नप वाइस चेयरमैन अनिल बंसल सहित स्वच्छता शाखा के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## जेजेपी वर्कर्स के परिवार पहुंचे हाईकोर्ट

# हिसार पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नए नोटिस जारी

- बच्चों को हथियार से डराने और जातिसूचक शब्द कहने पर डीजीपी और हिसार पुलिस से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गत 16-17 अप्रैल की रात को जेजेपी कार्यकर्ताओं के घरों में कथित अवैध रूप से घुसने और दहशत फैलाने के मामले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने नए नोटिस जारी किए हैं। जेजेपी कार्यकर्ता गौरव सैनी और विजेंद्र धानक के परिवारजनों की ओर से दायर याचिका पर हाइकोर्ट ने तुरंत सुनवाई करते हुए प्रतिवादी पक्ष को नोटिस जारी किया है। याचिका में हरियाणा के डीजीपी, हिसार के पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक, सीआईए इंचार्ज समेत कई पुलिस कर्मचारियों को प्रतिवादी बनाया गया है। गौरव सैनी की पत्नी की याचिका पर अगली सुनवाई 20 मई को और विजेंद्र धानक की बेटी की याचिका पर अगली सुनवाई 27 मई को होगी।

जेजेपी कार्यकर्ता गौरव सैनी की पत्नी की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि रात करीब 4 बजे पुलिस ने जबरदस्ती घर में घुसकर सबको डराया-धमकाया और दहशत फैलाई। उन्होंने कोर्ट में दी अपील में कहा कि सादे कपड़ों में घुसे लोगों ने हथियारों के साथ सबको डराया और महिलाओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस कार्रवाई के दौरान गौरव सैनी के दस वर्षीय बेटे को हथियार से डराया-धमकाया गया जिससे वो आज भी दहशत में है। बच्चे के सामने ही उसके पिता के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसके अलावा घर में घुसे लोग अपने साथ सीसीटीवी की फुटेज की रिकॉर्डिंग वाला डीवीआर भी अपने साथ ले गए जिसमें परिवार की निजी वीडियो और रात के इस घटनाक्रम की वीडियो भी थी। याचिका में कहा गया है कि 24 अप्रैल को विस्तृत शिकायत दिए जाने के बाद भी आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

वहीं जेजेपी कार्यकर्ता विजेंद्र धानक की बेटी की तरफ से दी गई याचिका में भी हिसार पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। विजेंद्र धानक की बेटी ने कहा है कि वे पांच बहनें हैं और 16 अप्रैल की रात को घुसे लोगों ने नाबालिग बच्चियों के सामने उनके पिता को हथियार दिखाकर डराया गया। याचिका में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज की रिकॉर्डिंग का डिवाइस उतारने के लिए एक शख्स सोते हुए बच्चों के कमरे में घुसा और उनके बैड पर चढ़कर डीवीआर उतारी और उस दौरान उसने एक बच्ची के पैर पर पैर रखा। सुबह करीब 4 बजे हुई इस कार्रवाई में विजेंद्र धानक के लिए उसके बच्चों के सामने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इन सभी घटनाओं की जानकारी के साथ दी गई शिकायत पर एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई हिसार पुलिस की तरफ से नहीं की गई है। दोनों याचिकाओं में इन परिवारों द्वारा हिसार पुलिस को दी गई शिकायत पर कार्रवाई करवाने और आरोपी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।



हास्य कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

पापा अपने और मोनू के लिए पकौड़े लेकर आए। मोनू ने पापा को चकमा देकर सारे पकौड़े अकेले ही खा डाले। पापा जानते थे, मोनू इस तरह की शरारत कर सकता है, इसलिए उन्होंने उल्टे मोनू को चकमा दे दिया। जब मोनू अकेले सारे पकौड़े हड़प कर गया तो फिर पापा के पास पकौड़े कहां से आए?

# पकौड़ों का मजा





मोनू की मम्मी ऑफिस की ट्रेनिंग में भाग लेने एक सप्ताह के लिए कोलकाता गई हुई थीं। मोनू आज स्कूल नहीं गया था, कल शाम खेलते वक्त उसका पैर इस तरह मुड़ गया कि पैर में मोच आ गई थी। वह ठीक से चल नहीं पा रहा था। उसके पापा किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। दोपहर के एक बजने वाले थे। मोनू को तेज भूख लग आई थी। उसने पापा को फोन किया, बोला, 'पापा जल्दी घर आ जाइए, मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।'

मम्मी के घर में न होने पर पापा ही इन दिनों खाना बनाते थे। थोड़ी बहुत मदद मोनू भी कर देता था। लेकिन आज पैर में तकलीफ होने के कारण वह पापा की मदद करने की स्थिति में नहीं था। पापा ने बाहर जाते समय जल्दी वापस आने की बात कही थी।

मोनू को भूख बर्दाश्त नहीं हो रही थी। थोड़ी देर बाद पापा घर आए तो उन्होंने अपने थैले से एक लिफाफा निकालकर मेज पर रखा, मोनू से बोले, 'बेटा, खाना बनाने में अभी समय लगेगा। मैं गर्मागर्म पकौड़े ले आया हूं। ताकि तुम्हें ज्यादा देर तक भूखा न रहना पड़े। पहले इसे खा लेते हैं फिर बनाते हैं खाना।'

पापा लिफाफा मेज पर रखकर कपड़े बदलने और मुंह-हाथ धोने चले गए। इस बीच मोनू ने फटाफट अपने हाथ धोए फिर तीन-चार पकौड़े लिफाफे से निकालकर पेट के हवाले कर दिए।

कुछ देर में पापा वापस आए और मोनू से बोले, 'चलो, हाथ धो लो फिर खाते हैं पकौड़े।'

मोनू ने बताया, 'पापा, हाथ तो मैंने धो लिए हैं। आप पहले रसोई से बड़ी प्लेट तो ले आएं। पकौड़े उसमें रखकर खाएंगे। वैसे प्लेट मैं ही ले आता, लेकिन मेरे पैर में दर्द हो रहा है।'

पापा प्लेट लेने गए तो मोनू ने फिर से पकौड़ों के लिफाफे पर धावा बोला और दो-तीन पकौड़े गपागप खा गया।

पापा बड़ी प्लेट लेकर आए, तो उन्हें देखते ही मोनू ने फरमाइश की, 'पापा, दो छोटी प्लेटें भी ले आते तो अच्छा था। हम बड़ी प्लेट से अपनी-अपनी छोटी प्लेट में रखकर पकौड़े खाएंगे।'

मोनू की बात पापा को सही लगी। वे छोटी प्लेटें लेने गए तो मोनू से रहा न गया। उसने जल्दी-जल्दी दो-तीन पकौड़े और हड़प लिए। पापा दो छोटी प्लेटें लेकर आए ही थे कि मोनू बोला, 'पापा, पकौड़ों के साथ जो सबसे जरूरी चीज होनी चाहिए, वह तो यहां है ही नहीं!'

'क्या चीज बेटा।' पापा ने पूछा।

'पापा, भला टोमेटो सॉस के बगैर पकौड़े खाने का मजा कैसे आएगा!' मोनू ने जवाब दिया।

पापा टोमेटो सॉस लेने रसोई की तरफ गए तो मोनू फिर से अपने को रोक न सका। उसने लिफाफे से दो-तीन पकौड़े और उड़ा लिए।

पापा टोमेटो सॉस लेकर आ ही रहे थे मोनू फिर बोला, 'पापा, बस एक चीज और रह गई है। वह भी ले आएं तो फिर आराम से बैठकर पकौड़े खाएंगे।'

'अब क्या रह गया?' पापा की आवाज में हल्की-सी झुंझलाहट थी, क्योंकि उन्हें भी जोरों से भूख लग रही थी। मोनू बोला, 'पापा, बस दो गिलास पानी भी ले आएं। अगर पकौड़ों में मिर्च हुई तो पानी पीना पड़ेगा न! पानी आने के बाद खाते हैं ठाठ से पकौड़े!'

पापा जब तक पानी लेकर आए, तब तक कुछ और पकौड़े मोनू के पेट में समा चुके थे। पानी के गिलास मेज पर रखकर पापा ने मोनू और अपने सामने एक-एक छोटी प्लेट रखी और फिर बड़ी प्लेट में पकौड़े डालने के लिए लिफाफे की तरफ हाथ बढ़ाया। लिफाफे में हाथ डालते ही वे मुस्कुराए। मोनू हैरान था कि पापा मुस्कुरा क्यों रहे हैं? उसे तो उम्मीद थी कि पकौड़ों वाला लिफाफा खाली देखकर वे उस पर बहुत बिगड़ेंगे। तभी पापा बोले, 'मुझे पहले से ही पता था कि तुम पैर में लगी मोच का फायदा उठाकर इस तरह की कोई करस्तानी कर सकते हो। इसलिए मैं पहले से ही प्रबंध करके आया था। मेरे थैले में पकौड़ों का एक लिफाफा और भी है।' कहकर पापा जोरों से हंसने लगे।

मोनू ने अचरज से पूछा, 'लेकिन पापा, आपको कैसे पता था कि मैं ऐसी कोई शरारत करूंगा?'

मोनू का सवाल सुनकर पापा बोले, 'पापा हूं तुम्हारा! तुम्हारी रग-रग पहचानता हूं! और फिर बचपन में ऐसी शरारतें मैं भी तो किया करता था!'

सुनकर मोनू भी हंसने लगा। *



हास्य कथा

समीर गांगुली

लाल सिंह की बस खटारा जरूर थी, फिर भी सवारियां उसमें बैठतीं जरूर और हंसते-हंसाते अपना सफर तय करतीं। क्योंकि इसमें कोई ना कोई गुदगुदाने वाली घटना देखने को जरूर मिलती। लाल सिंह की बस में ऐसी ही एक दिन की मजेदार यात्रा।

# लाल सिंह की बस






लाल सिंह की एक बस है। उसका रंग नीला है। लाल सिंह हमेशा सफेद कपड़े और काली पगड़ी पहनते हैं। उनकी बस शिव मंदिर से लेकर घंटाघर के बीच चलती है। बीच में दस स्टॉप आते हैं। कभी-कभी बस यहां-वहां भी रुक जाती है। बस दस साल पुरानी है। बहुत शोर करते हुए चलती है बस। लोग इसे खटारा भी कहते हैं।

एक दिन लाल सिंह की बस में एक मदारी अपने दो बंदर और एक तोते के साथ आया। लाल सिंह ने बंदरों को देखा तो हंस पड़ा। बंदर भी दांत दिखाकर हंस दिए। हरे तोते ने जोर से टांय-टांय किया। तीनों शायद सभी बस की सवारियों को बता रहे थे कि वे पहली बार बस में बैठे हैं। बस चलाने से पहले लाल सिंह ने दोनों बंदरों को एक-एक केला दिया। तोते को कुछ नहीं दिया तो उसने इतना शोर मचाया कि एक लड़के ने अपनी जेब से एक पका पीला अमरूद निकाल कर उसे दे दिया। तोता अमरूद को कुतरने लगा। जब बस तीसरे स्टॉप पर जाकर रुकी तो कंडक्टर ने आवाज लगाई-'नानकसर.. नानकसर।' यह सुनकर ऊंघता मदारी हड़बड़ाकर उठा और अपने बंदरों और तोते के साथ उतर गया। बस फिर से चल दी। थोड़ी देर बाद अगला स्टॉप आया। कंडक्टर ने आवाज लगाई, 'विद्या मंदिर के बच्चो, चलो उतरो, स्कूल आ गया।' पीली यूनिफॉर्म पहने चार बच्चे अपने बैग के साथ उतर गए। लेकिन इसके बाद बस आगे नहीं चली। लाल सिंह ने काफी कोशिश की, मगर बस नहीं चली। लाल सिंह ने पीछे मुड़कर देखा। सवारियां इशारा समझ गईं। छह जवान नीचे उतरे और बस को धक्का देने लगे। बस दो बार घू-घू करके बंद हो गई, मगर तीसरी बार में चल दी। बस के चलते ही कुछ नटखट बच्चों ने ताली बजा-बजा कर गाना शुरू कर दिया- 'चल पड़ी खटारा, चल पड़ी खटारा। लाल सिंह की खटारा। लाल सिंह की नीली खटारा।' फिर आ गया घंटाघर। आखिरी स्टॉप। सारी सवारियां उतर गईं। जब बस खाली हो गई तो लाल सिंह हमेशा की तरह अपनी बस से बातें करने लगा। उसने बस को गलतियों के लिए खूब डांट लगाई और जब गुस्सा शांत हुआ तो सॉरी भी कहा। यह देख बस में छिपा भूरा चूहा हो-हो करके हंस दिया। *

कविता / डॉ. सुरेंद्र विक्रम

## जान बचाकर भागा बंदर





ये है गैंडामल हलवाई
जिनकी सब मिल करें बड़ाई।
दस कुर्सी संग चार मेज से
एक बड़ी दुकान सजाई।
खोया, छेना, घी चीनी से
भांति-भांति की बनी मिठाई।
खुली सड़क है साफ जगह है
जिसे देख सब खुश हैं भाई।
तैर रही है घी के अंदर
छुन-छुन करती पड़ी जलेबी।
इसको खाना संभल-संभल कर
खूब चाशनी में जो डूबी।
भरे थाल में खूब सजाकर
इसके बगल रखा है पेड़ा।
बड़े शान से अकड़ रहा है
खबरदार! जो इसको छेड़ा।
बर्फी, कलाकंद दो बहनें
गजब स्वाद इनके क्या कहने
मुंह में आते ही घुल जातीं
वाह-वाह की याद दिलातीं।
छेना डूब गया है रस में
रसगुल्ला भी इसके बस में।
एक ओर लड्डू जी बैठे
रबड़ी और मलाई ऐंठे।
सब के सब शीशे के अंदर
देख रहा था दूर से बंदर।
गैंडामल को आई झपकी
तभी लार बंदर की टपकी।
था शरीर से हट्टा-कट्टा
उसने मारा एक झपट्टा।
लगा झपट्टा, टूटा शीशा
दूर जा गिरा बना पतीशा।
गैंडामल को गुस्सा आया
खींच जोर से लट्ठ जमाया।
जान बचाकर भागा बंदर
पहुंच गया कुनबे के अंदर।।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## नन्हे ठहाके

गूंज रहे आंगन में
नन्हे ठहाके।
हमने तो खूब नए
खेल हैं रचे।
खेलों की टोकरी में
खेल न बचे।
फूल ज्यों इकट्ठे हैं
सारे जहां के।
टोली हमारी यूं
खिलखिल करे।
फूट गए मटके ज्यों
रस से भरे।
झूमें हम चिड़ियों से
मस्त चहचहा के।
खेलों की सरगम में
राग है नया।
छूम छनन अपना मन
डूब-सा गया।
खुशबू के गीत हवा
लाई बहा के।



## हंसगुल्ले



**पप्पू (गप्पू से) :** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है।
**गप्पू :** अरे! तब तो तुम्हें मेरे मामा जी के पास जाना चाहिए।
**पप्पू :** क्यों?
**गप्पू :** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**-तान्या, बिलासपुर**

**रिंकी :** अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी :** गुलाबजामुन।
**रिंकी :** कैसे?
**पिंकी :** 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
**-तृप्ति, रायपुर**

**मैथ्स टीचर:** अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**सोनू :** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
**-तेजस, रोहतक**

**टीचर :** सबसे ज्यादा ठंड कहां होती है?
**रोहित :** सर, फ्रीजर में।
**-तनीषा, महासमुंद**

## जीके क्विज-203



1. भारत के 95वें चेस ग्रैंडमास्टर कौन बन गए हैं?
2. राज्यसभा में तीसरी बार उपसभापति नियुक्त होने वाले पहले राज्यसभा सांसद कौन बने हैं?
3. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
4. कौन-सा संगठन विश्व धरोहर स्थलों की सूची तैयार करता है?
5. कार्लोस अल्कराज किस खेल के विश्वप्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
6. सन 1857 की क्रांति में झांसी के क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. भूलभुलैया भारत के किस शहर में स्थित है?
8. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितनी झुकी हुई है?
9. भारत के किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है?
10. नेपाल में हिमालय पर्वत को किस नाम से जाना जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-203 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-202 का उत्तर :** 1 इंग्लैंड, 2. संजू सैमसन, 3. अशिम कुमार घोष, 4. असम, 5. ओजोन परत, 6. शेरशाह सूरी, 7. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 8. प्रोटीन, 9. उपराष्ट्रपति, 10. आयरन

**जीके क्विज-202 का सही उत्तर देने वाले :** जियाना शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, गौरव-ईमेल से, हंसिका-रायपुर, तेजस-महासमुंद, दिव्या-बिलासपुर, सचिन-रोहतक, काव्या-बालोद, सोनम-दुर्ग

बच्चो, हमारी डेली लाइफ में हंसने के बहुत फायदे हैं। हंसने के इसी महत्व को बताने के उद्देश्य से ही मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। तो इस लाफ्टर डे पर प्रॉमिस करो कि तुम खूब हंसोगे और अपने फ्रेंड्स, मम्मी-पापा, दादा-दादी या नाना-नानी को भी खूब हंसाओगे।





# खूब हंसो-खिलखिलाओ दूसरों को भी हंसाओ

एंज्वॉयमेंट

सरस्वती रमेश

बच्चो, एक बात बताओ। जब तुम कोई कॉमेडी फिल्म देखते हो तो क्या करते हो? या फिर जब तुम्हारा कोई फ्रेंड मजेदार सा चुटकुला सुनाता है तो तुम क्या करते हो? खूब खिलखिलाकर हंसते हो न! हंसते हुए बहुत अच्छा फील होता है। हंसने का मजा तब तो और भी बढ़ जाता है, जब कई लोग साथ में मिलकर हंसते हैं। हंसने के बहुत सारे फायदे होते हैं। इसीलिए जब भी मौका मिले खुद हंसो, खिलखिलाओ और दूसरों को भी खूब हंसाओ।

**हंसना है बहुत जरूरी:** जिस तरह शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार और व्यायाम की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह मन को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए हंसना फायदेमंद है। हंसी हमारे मन-मस्तिष्क को तनावमुक्त रखती है। हंसना, हमारे लिए बेहद फायदेमंद तो है ही, यह हमें दूसरों से बॉन्डिंग स्ट्रॉन्ग करने और सबका फेवरेट बनाने में भी काफी मददगार है। इसलिए तुम्हें खुद तो हंसते-मुस्कुराते रहना ही चाहिए, साथ ही तुम्हें कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे तुम्हारे घर-परिवार, आस-पड़ोस में भी लोग हंसते-मुस्कुराते रहें।



**मम्मी-पापा को हंसाओ:** बच्चो, मम्मी-पापा के ऊपर घर की ढेरों जिम्मेदारियां होती हैं। सबका ध्यान रखते, सबकी जरूरतें पूरी करते हुए कई बार वे झुंझला जाते या तनाव में आ जाते हैं। काम के दबाव की वजह से उनका मूड अपसेट हो सकता है। ऐसे में कभी कोई अगर तुमसे रूडली बात करे या तुम्हें डांट दे तो इसका मतलब यह नहीं कि वे तुमसे प्यार नहीं करते! अगर कभी मम्मी या पापा का मूड ऑफ दिखे तो तुम्हें आगे बढ़कर उनसे प्यारी-प्यारी, हंसने-हंसाने वाली बातें करनी चाहिए। उन्हें अपने क्लास की या दोस्तों के साथ की कोई मजेदार बात बता सकते हो। इससे वे हंस पड़ेंगे और उनका मूड अच्छा हो जाएगा।

**हंसो-हंसाओ दादा-दादी के साथ:** बच्चो, पापा-मम्मी तो दिन भर अपने ऑफिस और घर के कामों में व्यस्त रहते हैं और तुम अपनी पढ़ाई में। ऐसे में दादा-दादी या नाना-नानी बोर होते रहते हैं। इसलिए दिन में जब भी तुम फ्री हो उनके पास पहुंच जाओ। उनको कोई जोक, कॉमिक स्टोरी सुनाओ या उनसे भी सुनाने को कहो। अपने स्कूल की मजेदार बातें भी उनसे शेयर कर सकते हो। इससे तुम्हारे संग वे भी खूब हंसेंगे-खिलखिलाएंगे।



**दोस्तों के संग करो कॉमिक मस्ती:** अपने आस-पड़ोस के दोस्तों या स्कूल के फ्रेंड्स के संग तो तुम अकसर कॉमिक मस्ती करते ही होगे। फ्रेंड्स के संग हंसते-हंसते लोटपोट होने में तो बहुत मजा आता है। लेकिन इस बात का भी तुमको ध्यान रखना चाहिए कि तुम्हारे फ्रेंड सर्किल में अगर कभी कोई फ्रेंड उदास दिखे या किसी बात पर तुमसे नाराज हो जाए तो तुम उससे दूर न रहो। उससे बात करो, सॉरी बोल दो। उसे अपने संग खेलने के लिए कहो। कोई मजेदार सा जोक सुना दो। फिर देखना, उसकी उदासी-नाराजगी दूर हो जाएगी। वह भी तुम्हारे संग खिलखिला कर हंस पड़ेगा। *

### हंसने के ये भी हैं फायदे

**बच्चो, जब** हम खुश होकर हंसते-मुस्कुराते हैं तो हमारी बॉडी में एंडॉर्फिन, डोपामिन, सेरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें हैप्पी हार्मोन या फील गुड हार्मोन भी कहा जाता है। इसके अलावा खुलकर हंसने से हमारे शरीर में कोर्टिसोल नामक स्ट्रेस हार्मोन का लेवल काफी कम हो जाता है। इसीलिए जब हम दिल खोलकर हंसते हैं तो हमारा स्ट्रेस कम होता है और हमारा मूड एकदम लाइट, पॉजिटिव एंड हैप्पी हो जाता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, बाल कथाओं की इस किताब 'मैं जीवन लाल हूं' में कुल 6 कहानियां संकलित हैं। इसके लेखक पवन कुमार वर्मा हैं। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र जीवन लाल हैं। पहली कहानी में नटखट जीवन लाल के बचपन की गुदगुदाती कहानी है, जबकि बाकी की पांच कहानियों में बड़ी उम्र के होकर भी भोली-भाली हरकत करने वाले जीवन लाल के मजेदार किस्से हैं।

पहली कहानी 'मैं जीवन लाल हूं' में तुमको यह पढ़कर बहुत मजा आएगा कि परीक्षा में फेल होने पर अपने पिताजी की डांट-मार से बचने के लिए जीवन लाल कहां छुप जाते हैं? और तब तो तुम अपनी हंसी रोक ही नहीं पाओगे, जब सारे गांव वाले चोर समझकर उनकी धुलाई कर देते हैं। 'जीवन लाल और गुलाब जामुन' कहानी में तुम पढ़ोगे कि एक भोज में निमंत्रण मिलने पर जीवन लाल अपनी पत्नी के लिए गुलाब जामुन ले जाने की कैसी योजना बनाते हैं? 'जीवन लाल और लाल मन की आलू टिक्की' कहानी पढ़कर तब तुम हंसे बिना नहीं रह पाओगे, जब अपने भांजों के साथ जीवन लाल आलू टिक्की की दुकान पर पहुंचते हैं और उसे परेशान कर देते हैं। 'जीवन लाल के जूते' भी बहुत मजेदार कहानी है। इसमें तुम पढ़ोगे कि जब जीवन लाल अपने दोस्त को देखने अस्पताल पहुंचते हैं तो उनके जूते कैसे गायब हो जाते हैं? और फिर जब जूते मिलते हैं तो उन्हें कितना शर्मिंदा होना पड़ता है? 'अतिथि देवो भवः' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि जीवन लाल समझदारी से कैसे शहर घूमने आए मेहमानों की मदद करते हैं? इसी तरह 'संदेह दूर हो गया' कहानी में तुम पढ़ोगे कि जीवन लाल का यह संदेह कैसे दूर होता है कि उनकी कोई चिंता नहीं करता है? ये कहानियां तुमको जरूर अच्छी लगेंगी। *





**किताब:** मैं जीवन लाल हूं (बाल कथा संकलन), **लेखक:** पवन कुमार वर्मा, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां हंसते हुए जोकर और मंकी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में कुछ अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.जोकर के हैट का निचले हिस्से की पट्टी, इसमें लगे फ्लावर का कलर अलग है। 2. जोकर की आईब्रोज और हेयर का कलर अलग है। 3.जोकर की बो-टाई अलग कलर की है। 4.मंकी की बो-टाई का कलर अलग है। 5.जोकर की शर्ट में एक बटन कम है। 6.हवा में दिख रहे बॉल्स के कलर अलग हैं। 7.नीचे लेफ्ट साइड में बैलूंस अलग सीक्वेंस में रखे गए हैं। 8.नीचे राइट साइड वाले बैलून का कलर अलग है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे हंसते-खिलखिलाते बच्चों का एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र की दाईं तरफ कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर इस चित्र को पूरा करो।





उत्तर: 1-B, 2-D, 3-A, 4-C

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के नियमों के उल्लंघन पर चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित और एएसआई राहुल पंवार ने पुरानी सब्जी मण्डी में एक और बस स्टैण्ड पर एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा सेग्रीगेशन न करने पर चालान किए। सीआई कपिल और एएसआई प्रवीण ने ढ़ाणी जयदेव में सड़क निर्माण के बाद ठेकेदार ने सीएंडडी वेस्ट सड़क पर डालने पर 5 हजार का चालान किया। एएसआई विजेता ने रेलवे स्टेशन के पास एक दुकानदार और रामपूरा मोहल्ला में एक पीजी और रेड स्क्वेयर मार्केट में एक दुकानदार का कचरा सेग्रीगेशन न करने पर चालान किए। इसके साथ एएसएसआई सन्नी ने अर्बन एस्टेट-2 में एक दुकानदार और कैंट क्षेत्र में एक दुकानदार के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करने पर चालान किए।

### पुलिस ने 24 बोतल अवैध शराब सहित एक को दबोचा

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिल टीम ने जिंदल पुल के नीचे से एक युवक को 24 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। एएसआई जीवन सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान मॉडल टाउन निवासी अमित के रूप में हुई है। उन्होंने बताया वह स्वंय अपनी टीम के साथ गश्त पर थे कि शक के आधार पर आरोपी को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 24 बोतल शराब मार्का माल्टा मस्ती बरामद हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### नगर निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा निरंतर स्वच्छता से संबंधित कार्य किए जा रहे है। ऑफिसर्स कॉलोनी और पीएलए सामुदायिक केंद्र के आसपास सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सफाई कार्य करवाएं गए। टीम ने मौके पर ही सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कचरा उठाने, आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि इन क्षेत्रों में नियमित सफाई और निगरानी सुनिश्चित की जाए। नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है।

### स्वर्गीय डॉ. रामधन सिंह की जयंती पर गोष्ठी आज

**हिसार।** दुनिया के जाने माने कृषि वैज्ञानिक स्वर्गीय डॉ. रामधन सिंह का जयंती एक मई को सायं 5 बजे बड़ी धूमधाम के साथ जाट धर्मशाला में मनाया जाएगा। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी भी होगी। यह फैसला राय बहादुर रामधन सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बलजीत सिंह भ्याण ने की और संचालन ट्रस्ट के सचिव डा. कुलबीर सिंह बागड़वा ने किया। बैठक में फैसला लिया गया कि डॉ. रामधन सिंह के कृषि के क्षेत्र मे खोज और किसानों के लिए उनके द्वारा किये गये कार्यों के लिये उन्हें याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाएगी। गोष्ठी के मुख्य वक्ता ट्रस्ट के पूर्व प्रधान डॉ. राम कंवर राणा तथा गोष्ठी की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बलजीत सिंह भ्याण करेंगे।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में सीखीं बारीकियां

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के संदर्भ में 'तनाव रहित परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ प्रभारी मुथरा सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी समय प्रबंधन, पौष्टिक आहार व शारीरिक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाकर सेमेस्टर परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन का कम प्रयोग करने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने अभिभावक, अध्यापक व मित्रों के साथ विचार सांझा करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्राध्यापिका कुमारी बिमला व डाक्टर कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों की परीक्षाओं से संबंधित शंकाओं व प्रश्नों का बड़ी ही सहजता के साथ निवारण किया।

## डिजिटल जनगणना में सही जानकारी देने की अपील

# आज से घर-घर दस्तक देंगी जनगणना टीमें : एडीसी



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद। फोटो: हरिभूमि

### अपनी आईडी उपलब्ध करवानी होगी, ताकि दर्ज आंकड़ों का किया जा सके सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने कहा है कि सेंसस 2027 का उद्देश्य केवल जनगणना से है, इसलिए नागरिक जनगणना के कार्यों के लिए बनाई गई टीमों को सही जानकारी दें। इससे नागरिकों के हित में विकास की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचनाओं को जरूरत के अनुरूप दिशा दी जाएगी। जनगणना से जनकल्याण थीम के साथ आज, एक मई से हर घर का डाटा एकत्रित करने के उद्देश्य से जनगणना टीम लोगों के घर द्वार पर दस्तक देगी। जिले में आगामी जनगणना-2027 को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। गुरुवार को जनगणना निदेशक डॉ. ललित जैन द्वारा विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम आयोजित बैठक के उपरांत अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए यह बात कही। इस अवसर पर सीटीएम व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष चंद्र, जिला सांख्यिकी अधिकारी अमित कुमार, सचिन गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शुक्रवार से स्वगणना करने वाले नागरिकों को जनगणना के लिए आने वाली टीमों को अपनी आईडी उपलब्ध करवानी होगी, ताकि दर्ज आंकड़ों का सत्यापन किया जा सके।

### एक से 30 मई तक घरों की गिनती

उन्होंने बताया कि शुक्रवार यानी 1 मई से जनगणना कार्यों में लगी टीमें आंकड़ों का संग्रहण करेंगी। सभी अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि वे निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ इस कार्य को संपन्न करेंगे। पहले चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा, जबकि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक की गई स्वगणना में नागरिकों का भरपूर सहयोग रहा।

## स्काउट एंड गाइड ने किया मनाली भ्रमण

■ एडवेंचर गतिविधियों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। प्रमाण पत्रों के साथ मनाली भ्रमण पर गए शिक्षक एवं विद्यार्थी।

हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा की हांसी व जिला हिसार की स्काउट जिला कोर कमेटी ने पांच दिवसीय राज्य स्तरीय मनाली कैंप में भाग लिया। इस कैंप का आयोजन जिला सचिव अमरजीत सिंह पानू व राज्य प्रशिक्षक नरेश कुमार के सहयोग से तथा राज्य सचिव नवीन जय हिंद के मार्गदर्शन में किया गया। इस शिविर में जिला हांसी से चार सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें मुख्याध्यापक (सेवानिवृत्त) गजराज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जमावड़ी से कला अध्यापक दीपक जांगड़ा शामिल रहे। वहीं जिला हिसार से दो सदस्य पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरवाला से अशोक कुमार और स्काउट अधिकारी नरेश जांगड़ा ने भी भागीदारी की। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्काउट एंड गाइड को राज्य स्तर पर एडवेंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण देना था। प्रतिभागियों ने मनाली की बर्फीली वादियों में ट्रैकिंग, पर्वतारोहण तथा अन्य साहसिक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया। साथ ही, वुडक्राफ्ट और अन्य स्काउटिंग कौशलों का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

## सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। विदाई समारोह के अवसर पर दीनदयाल बंसल के साथ उपस्थित कर्मचारी।

सिविल सर्जन कार्यालय में सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत दीनदयाल बंसल अपनी 38 वर्ष की सेवा उपरांत गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए। जिला मलेरिया कार्यालय में उनकी सेवानिवृति पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास संदलाना ने बताया कि सभी कर्मचारियों को सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर दीनदयाल बंसल से प्रेरणा लेकर अपनी ड्यूटी के साथ साथ संगठन के कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर प्रदीप कुमार, बजरंग सोनी, सुरेंद्र नरवाल, सुखबीर सिंह, जितेंद्र मलिक, सतीश, सुनील, संदीप, अमित राठी, धर्मवीर, राजेश कुमार, रोहताश, पूजा, दीपिका आदि उपस्थित रहे।

## सेंट कबीर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



सेंट कबीर स्कूल ने आईएससी (बारहवीं कक्षा) व आईसीएसई ( दसवीं कक्षा) बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए शानदार परिणाम दर्ज किया है। दसवीं कक्षा में संजीवनी 98.6 फीसद, गौरी 98.2 फीसद व आयुषी 97.6 फीसद अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विभिन्न विषयों में दसवीं कक्षा के 15 विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में सिमरजोत कौर 93.5 फीसद, कृति 92.5 फीसद व जीवेश 92 फीसद अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कॉमर्स संकाय में चिराग बंसल 94.5 फीसद, देवस्व रेहलन 94 फीसद व कान्हा गोयल 93.75 फीसद अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की लगन, शिक्षकों की निष्ठा एवं अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि संस्थान की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था एवं समर्पित शिक्षण-पद्धति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रबंधन ने शिक्षकों के अथक परिश्रम एवं विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हवन करके मनाया नृसिंह अवतार दिवस

■ भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लेकर की थी प्रह्लाद की रक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा के सदस्य नृसिंह अवतार दिवस मनाते हुए।

श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक के तत्वाधान में प्रातः मुलतानी चौक पार्क में सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ की अध्यक्षता में नृसिंह अवतार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभा की ओर से हवन-यज्ञ किया गया। पं. देवकीनंदन ने मंत्रोच्चारण के साथ नृसिंह अवतार दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नृसिंह जयंती का व्रत किया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तिथि पर भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लिया था और खंभे को चीरकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी। सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि हवन से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया व हवन के समापन पर आरती की गई। उपस्थित लोगों को नृसिंह अवतार दिवस की बधाई दी गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समाजसेवी नंदलाल चोपड़ा, किशनलाल बागड़ी, कश्मीर भयाणा, ओमप्रकाश असीजा, भीमसैन नारंग, महेन्द्र टुटेजा, इन्द्र शर्मा, विजय ढल, राधेश्याम भाटिया, राजकुमार बजाज, हरबंस मदान, डी.आर.मनचंदा, मेहर चंद मनचंदा, सुरेन्द्र बजाज, महेश चौधरी, ओमप्रकाश मलिक, महेन्द्र सपड़ा, राजकुमार असीजा, हरीश पबरेजा, उरिन्द्र सचदेवा, महेश नारंग, ज्ञानचंद कक्कड़, शुभम वलेचा, रविन्द्र टुटेजा, बंसीलाल पठनेजा आदि भी उपस्थित थे।

## विज्डम स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



हिसार। शानदार परीक्षा परिणाम लेने वाले होनहार विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

■ सीआईसीएसई की 10वीं की परीक्षा में मेधावियों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सीआईसीएसई शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर से विज्डम स्कूल, के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय देते हुए 37 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा दसवीं की छात्रा विधि ने.97.6 तमन्ना 96.2, तान्या 96 मीनाक्षी 95.6 योगिता 94.6 सचेत 94.6 अदिति 94.4 मनस्वी 93 विनीत 92.4 ध्वनि 91.6 व सात्विक ने 91.6 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विषयवार उत्कृष्टता में इतिहास व कंप्यूटर विषय में विधि ने शत प्रतिशत अंक, तान्या ने कंप्यूटर में 100 अंक प्राप्त कर शानदार परिणाम दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया व संचालक हरिपाल पिलानिया ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

■ स्मृति चिह्न भेंट कर और पगड़ी पहनाकर डीएसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों को सम्मानित करते डीएसपी विनोद शंकर। फोटो: हरिभूमि

पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारियों में आर्नरी निरीक्षक कुलबीर सिंह, उप निरीक्षक वेद सिंह एवं उप निरीक्षक हरदीश कुमार शामिल रहे।

इस अवसर पर डीएसपी विनोद शंकर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं पगड़ी व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार तथा पुलिस परिवार की ओर से सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घकालीन सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### नशीले पदार्थों सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने शहर के सैनियान मोहल्ला में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान सैनियान मोहल्ला निवासी संदीप उर्फ ढांचू व फतेहाबाद जिले के गांव किरढ़ान निवासी सागर उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। आरोपियों से एक किलो 136 ग्राम गांजा, 56 ग्राम सुल्फा, 29 हजार 850 रुपये ड्रग्स मनी व बिना नंबर की स्कूटी बरामद की गई है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर इंद्र सिंह गोदारा ने बताया कि एएसआई जगदीश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना के आधर पर बिना नंबर स्कूटी सवार दो युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से गांजा, सुल्फा व ड्रग मनी तथा बिना नंबर की स्कूटी बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना एचटीएम में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को दीं शुभकामनाएं

# 10 इंस्पेक्टर समेत 18 पुलिस अधिकारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। समारोह में उपस्थित सेवानिवृत्त अधिकारी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण कर चुके 10 इंस्पेक्टर, 5 ईएसआई व 3 ईएचसी स्तर के पुलिस अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन मुख्य अतिथि रहे। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त हुए इंस्पेक्टर सुरेन्द्र देशवाल, इंस्पेक्टर रणबीर सिंह, इंस्पेक्टर रोहताश कुमार, इंस्पेक्टर रामपाल, इंस्पेक्टर रामचन्द्र, इंस्पेक्टर सत्यावान, इंस्पेक्टर जयबीर, इंस्पेक्टर बलजीत सिंह, इंस्पेक्टर धर्मबीर , इंस्पेक्टर अनूप सिंह, ईएसआई अजय कुमार, ईएसआई बलवंत सिंह, ईएसआई बलवंत सिंह, ईएसआई जयपाल सिंह, ईएसआई आनंद कुमार, ईएचसी महाबीर सिंह, ईएचसी आजाद सिंह व ईएचसी राजसिंह के परिजन भी विदाई समारोह में शामिल हुए। एसपी ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने सेवा काल के दौरान कर्तव्यों का निर्वहन किया। अब रिटायर होकर आप अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से अपना जीवन व्यतीत करें। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीएसपी सुनील कुमार, प्रभारी कल्याण शाखा, सेना लिपिक, आशुलिपिक प्रमोद , प्रवाचक बलवंत सिंह व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### राजेश कुमार व सतपाल आर्य सेवानिवृत्त



**नारनौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौंद में कार्यरत रहे राजेश कुमार हिंदी प्रवक्ता व सतपाल आर्य गुरुवार को लंबी सेवाओं के बाद अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश कुमार व सतपाल आर्य के व्यवहार, कुशलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। प्रवक्ता राजेश कुमार ने शिक्षा विभाग में 29 वर्ष व सतपाल आर्य ने 33 साल तक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी और छात्रों का भविष्य उज्जवल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान विद्यालय के पूरे स्टाफ व बच्चों की तरफ़ से उन्हें फूलों की माला, स्मृति चिह्न और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सोनी, अध्यापक संजय कौशिक, अंजना मिगलानी, धर्मेंद्र कौशिक, राजेंद्र डीपी, नरेश कुमार व डॉ अजय लोहान सहित अनेक अध्यापकों ने उनके साथ बिताए समय व अनुभव को सांझा किया।

### बीड़ बबरान धाम में महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में श्यामलीन श्याम भगत पंडित रामगोपाल शर्मा महाराज की पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृति में महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और जनकल्याण की कामना की। महायज्ञ के उपरांत श्याम संकीर्तन का आयोजन करके श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम की सेवा व संभाल में पंडित रामगोपाल शर्मा ने अपने समयकाल में विशेष भूमिका निभाई। उनकी स्मृति में महायज्ञ का आयोजन किया गया।

**सूचना**

मैं, दिनेश पुत्र श्री रामसुख निवासी गांव माजरा तहसील नारनौंद जिला हांसी बयान करता हूं मेरा लड़का सुनील मेरे कहने व सुनने से बाहर है तथा आज के बाद सुनील के साथ मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता नही रहा है। इसलिए मैं सुनील को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । आज के बाद सुनील के साथ लेनदेन, सम्पर्क व व्यवहार करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सीआईए ने अवैध हथियार सहित एक को पकड़ा

**हिसार।** सीआईए मीलगेट की टीम सरसाना गांव में अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सरसाना गांव निवासी अमित के रूप में हुई है। सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर अमित को सरसाना बस स्टैंड के पास अवैध पिस्तौल और कारतूस के साथ काबू किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक अभ्यस्त अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी थाना सदर एवं थाना आजाद नगर में दो आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सुनीं समस्याएं

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से उनका त्वरित निराकरण करवाया। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार अपने हर वायदे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, राम चंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह सैनी, कृष्ण बिश्नोई, विनोद तोशावड़, डॉ. उम्मेद खन्ना, अनुज जैन, प्रवीण नारंग, मुकेश कुमार, केपी गुप्ता, जय भगवान, धरम सिंह खटकड़ आदि मौजूद रहे।

### एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर जागरूक कार्यक्रम

**हांसी।** नागरिकों को एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव ढाणी कुम्हारान में सरपंच सोनिया की अध्यक्षता में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एमपीएचडब्ल्यू अनिल कुमार, सुदेश तथा रविता ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि एचपीवी वैक्सीनेशन 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अत्यंत प्रभावी है।

### महिला सुरक्षा व आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित टीम द्वारा जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम द्वारा एसटी मैरी स्कूल हिसार, जीजेयू व स्प्रिंग फील्ड वर्ल्ड स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों जैसे छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, स्टॉकिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. खोला ने दी अधिकारियों को नसीहत

# आमजन के साथ संवेदनशीलता और सम्मानपूर्वक व्यवहार करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ सतीश खोला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार गुरुवार को हिसार में आयोजित समाधान शिविर पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद के साथ परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को गंभीरता से सुना। अधिकांश मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष जटिल मामलों को अतिरिक्त उपायुक्त के संज्ञान में लाकर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। डॉ. सतीश खोला ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन के साथ संवेदनशीलता और सम्मानपूर्वक व्यवहार करें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस मौके पर एडीसी उत्सव आनंद ने भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करें।



### नाजायज कब्जों पर दिए जांच के निर्देश

समाधान शिविर में श्याम विहार कॉलोनी में गली निर्माण अनियमितता बरतने, भामाशाह नगर, जय श्याम विहार तथा श्याम पार्क विकास में गली में नाजायज कब्जा हटवाने की शिकायतों पर अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डाबड़ा चौक पर बरसाती व सीवरेज नाला ब्लॉक होने से दुकानों के सामने बरसाती पानी भरने, गांव धांसू में बन रहे नाले के निर्माण में अनियमितता बरतने सन सिटी मॉल के सामने अतिक्रमण को हटाने की शिकायतों पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पीडब्ल्यूडी व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से चल रहे पीजी को बंद करवाने, सेक्टर 9-11 में पेयजल आपूर्ति न होने तथा फार्मर आईडी बनवाने और अन्य शिकायतों के मामलों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीटीएम सुभाष चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में गुरुवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान पीने व गंदे पानी की निकासी से संबंधित शिकायत पर एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में नालों की नियमित साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे पॉलिथीन एवं अन्य कचरे को इधर-उधर न फेंके, क्योंकि इससे सीवरेज लाइनों व नालों के जाम होने की समस्या उत्पन्न होती है। शिविर में गांव धमाना निवासी जय सिंह ने आग लगने से फसल में हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। इस पर एसडीएम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके का निरीक्षण कर तुरंत रिपोर्ट तैयार करें और नियमानुसार मुआवजा प्रक्रिया को पूरा करें।

## नई सोच, नया शहर, क्लीन हांसी अभियान आज से शुरू

**हांसी।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीएमसी लक्षित सरीन ने बताया कि स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से नई सोच, नया शहर, क्लीन हांसी अभियान के अंतर्गत एक माह की विस्तृत सप्ताह वार एवं थीम आधारित कार्ययोजना तैयार कर लागू की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत प्रथम सप्ताह (1 से 9 मई) में जन जागरूकता थीम के साथ की जा रही है। इस दौरान घर-घर जाकर गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जाएगा। सरीन ने बताया कि इस सप्ताह वार्ड समितियों, आरडब्ल्यूए और युवाओं को स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे सप्ताह (11 से 16 मई ) में जन भागीदारी थीम के अंतर्गत बाजारों, मंडियों, वेंडिंग जोन एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में गहन सफाई अभियान चलाया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए विशेष अभियान आयोजित होंगे तथा प्लास्टिक लाओ-कपड़े का थैला ले जाओ पहल को बढ़ावा दिया जाएगा। दुकानदारों एवं फल सब्जी विक्रेताओं को कचरा निपटान के सही तरीकों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# 33 फीसदी आरक्षण को लेकर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देने की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, कांग्रेस की महिला विंग व सावित्री बाई फूले संगठन समिति ने संयुक्त रूप से डीसी कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जाए। क्रियान्वयन को जनगणना और परिसीमन से जोड़ने की शर्त तुरंत हटाई जाए। इस अवसर पर डेमोक्रेटिक फॉर्म से रिटायर्ड प्रिंसिपल सत्यवीर, रमेश शर्मा, चांदगीराम, फ़ायरबिग्रेड के कर्मचारियों ने धरने को समर्थन दिया। इस अवसर पर जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान विद्या, जिला सचिव बबली लाम्बा, राज्य उप प्रधान शकुन्तला जाखड़, जिला कैशियर निर्मला, सर्वजीत कौर, कमला, कांग्रेस जिला नेत्री सन्तोष जून, कृष्णा दुग्गल, इनेलो नेत्री रेनू सूरा, सावित्री बाई फूले संगठन से कमलेश राय आदि उपस्थित थी। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लंबे संघर्षों के बाद 2023 में लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल पास कर दिया गया था लेकिन इसे आगामी जनगणना व परिसिमन से जोड़ दिया गया। दरअसल केंद्र सरकार की मंशा 33 महिला आरक्षण को लागू करने की नहीं थी। उन्होंने कहा कि गत 21 अप्रैल को केंद्रीय सरकार ने लोकसभा का विशेष सत्र बुलाया परंतु बड़े खेद की बात है कि सरकार का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन कानून के बहाने परिसीमन को लागू करवाना था। इसके लिए किसी भी विपक्षी पार्टी से विमर्श करने की जररूत नहीं समझी गई। इसलिए लोकसभा में बिल पास नहीं हो पाया। हमारी मांग है कि संसद द्वारा विपक्ष के समर्थन से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को बिना किसी देरी और शर्त के तुरंत लागू किया जाए।




**हिसार।** डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करती विभिन्न संगठनों से जुड़ीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# सीएम की मौजूदगी में सांसद रेखा शर्मा ने की अमर्यादित टिप्पणी : मनोज राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजनलाल पर जो टिप्पणी की है, वह पूरी तरह से अमर्यादित है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ऐसी टिप्पणी होना व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इससे पल्ला झाड़ना साबित करता है कि यह साजिश के तहत भाजपा के नेता बार-बार पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजनलाल का अपमान कर रहे हैं।



- एक साजिश के तहत बार-बार पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजनलाल का अपमान कर रहे भाजपा नेता

मनोज राठी ने आरोप लगाया कि राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजनलाल पर की कई टिप्पणी छोटी बात नहीं है बल्कि यह सब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के इशारे पर किया गया कांड है।

यदि रेखा शर्मा ने अपनी मर्जी से ऐसा कहा होता तो भाजपा अब तक उन पर कभी की कार्रवाई कर देगी। उन्होंने कहा कि दिवंगत नेताओं पर अमर्यादित टिप्पणी करना भाजपा व उसके नेताओं की पुरानी फितरत है। भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल पर बदमाशी करने जैसे गंभीर व अमर्यादित आरोप लगाए हैं जो दिवंगत महानुभावों का अपमान है और हमारी संस्कृति में ऐसी कभी स्वीकार नहीं है।

मनोज राठी ने कहा कि भाजपा सांसद रेखा शर्मा का यह बयान राजनीतिक शिष्टाचार व मर्यादा के खिलाफ हैं। यही नहीं, स्व. चौधरी भजनलाल हरियाणा अस्मिता व स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि दिवंगतों का अपमान करना बंद करे और फिलहाल वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

## डॉ. योगेश बिदानी बिजली निगम के निदेशक नियुक्त

**हिसार।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का निदेशक बनाया गया है। उर्जा विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने इस संबंध में पत्र जारी किया है।



पत्र के अनुसार डॉ. योगेश बिदानी को बिजली निगम के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स का स्वत्रंत निदेशक (पार्ट टाइम) लगाया गया है। उनकी नियुक्ति की प्रति निगम के प्रबंध निदेशक व कंपनी सचिव को भेजी गई है। डॉ. योगेश बिदानी ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उर्जा मंत्री अनिल विज एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि डॉ. योगेश बिदानी की नियुक्ति करके पार्टी ने समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान बढ़ाया है।

## प्रो. सांगवान को मिला एलाइड हेल्थ साइंसेज विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं कुशल प्रशासक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान की प्रशासनिक दक्षता, दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्ट कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्हें एलाइड हेल्थ साइंसेज विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक लागू रहेगी। प्रो. सांगवान वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के चेयरमैन, अंतरराष्ट्रीय मामलों के डीन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कंप्यूटर एवं इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (पीडीयूआईआईसी) के निदेशक तथा आइडिया लैब के मुख्य मेंटर के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में उनकी बहुआयामी प्रशासनिक भूमिका, नवाचारोन्मुख दृष्टिकोण और प्रभावशाली नेतृत्व ने उन्हें एक सशक्त शैक्षणिक प्रशासक के रूप में स्थापित किया है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**कार्यक्रम** लाभार्थी बोले, कॉलेज की राह अब होगी आसान

### उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में अब बेटियों को नहीं आएगी दिक्कत : गंगवा

# सीएससी सीसवाला पर स्कूटी पाकर खिल उठे बेटियों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीसवाला के सीएससी केंद्र पर गुरुवार को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में बेटियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के बेटे संजीव गंगवा ने लाभार्थी बेटियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबियां वितरित कीं। इस मौके पर युवा भाजपा नेता संजीव गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि परिवहन की समस्या के कारण कई बार बेटियों को पढ़ाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिसे दूर करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। स्कूटी मिलने से अब बेटियों को भीड़भाड़ वाली बसों में सफर नहीं करना पड़ेगा और वे समय पर व सुरक्षित तरीके से कॉलेज पहुंच सकेंगी। इससे न केवल उनके समय की बचत होगी, बल्कि पढ़ाई पर भी अधिक ध्यान दे पाएंगी। यह योजना बेटियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, जिससे वे बिना किसी रुकावट के अपने सपनों को पूरा कर सकेंगी। इस मौके पर रामचंद्र नंबरदार, छाजूराम महला, बीजेपी कार्यकारिणी सदस्य सतबीर खोवाल, डा राजेश, सतबीर भाकर, जगदीश घोडेला, सतबीर जांगड़ा, राममूर्ति, रामनिवास, सतबीर, सतपाल, नेकीराम, सुरेंद्र, संजय, दिनेश, संदीप सहित अन्य मौजूद रहे। गांव सीसवाला निवासी लाभार्थी मनु ने कहा कि सरकार की इलेक्ट्रिक स्कूटी योजना के तहत स्कूटी का लाभ मिला है। बसों के भीड़भाड़ वाले सफर में बेटी परेशान नहीं होगी। लाभार्थी प्रीति ने बताया कि सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की स्किम ला रही है। बेटी राजकीय कॉलेज हिसार में पढ़ाई करती है। सरकार की तरफ से लेबर डिपार्टमेंट में बेटी को अब इलेक्ट्रिक स्कूटी मिली है इससे समय बचेगा और भीड़भाड़ से परेशानी नहीं होगी।




**हिसार।** बेटियों को स्कूटी प्रदान करते कैबिनेट मंत्री के बेटे संजीव गंगवा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पात्रता की शर्तें

केंद्र संचालक राजकुमार घोड़ेला ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक का श्रम विभाग में पंजीकरण और एक साल की सदस्यता जरूरी है। आवेदक बेटी हरियाणा के कॉलेज में पढ़ रही हो, उसकी आयु 18 वर्ष या अधिक हो और वह अविवाहित हो। परिवार में किसी के नाम कोई वाहन न हो।

## न्यूज डायरी



### आरपीएस पब्लिक स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार सुबह उल्लास और सम्मान के साथ श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में एक विशेष प्रार्थना-सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने भाषण, कविता और एक लघु नाटिका के माध्यम से श्रमिक दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे समाज के विकास में श्रमिकों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है और हमें उनके परिश्रम का सम्मान करना चाहिए। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को विद्यालय प्रबंधक डॉ. संदीप देसवाल व प्रधानाचार्या एकता सचदेवा द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. देसवाल ने कहा कि हमें प्रत्येक श्रमिक का सम्मान करना चाहिए और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।



### बाबा बंदा बहादुर स्कूल में हुआ श्रमेव जयते कार्यक्रम

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार सुबह मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में श्रमेव जयते कार्यक्रम का आयोजन देवी सरस्वती वंदना व प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सहायकों के सम्मान में स्वागत गीत लघु नाटिका, कविता वाचन व गायन के साथ-साथ खेलों का आयोजन किया गया। इसमें सभी सहायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आरपी परुथी ने श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का संदेश दिया व राष्ट्र के निर्माण और प्रगति में अपना पसीना बहाने वाले सभी कर्मठ श्रमिकों और राष्ट्र निर्माताओं को उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला व प्रशासक प्रवीण चुघ ने विद्यालय के सभी सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की नींव उसके कर्मचारियों और श्रमिकों की मेहनत पर टिकी होती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति चेयरमैन सरदार रणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र खुराना, प्रधानाचार्या लवली चावला, प्रशासक प्रवीण चुघ, एकेडमिक कॉर्डिनेटर पवन रावल सहित सभी अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कानूनी शिक्षा व अच्छे संस्कार ही जीवन की असली पूंजी

हिसार। छाजू राम लॉ कॉलेज, के प्रांगण में बीए एलएलबी 5-वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की गरिमामयी शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरा परिसर सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने विद्यार्थियों को जीवन के नए सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कानूनी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार ही जीवन की असली पूंजी है। उन्होंने बताया कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान बनना है। समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. ज्योति बूरा, डॉ. अनिता और डॉ. कैलाशवती ने निभाई। उनकी देखरेख में छात्रों ने अपनी प्रतिभा, हाजिरजवाबी और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद राहुल को 'मिस्टर फेयरवेल' और ईशा को 'मिस फेयरवेल' के खिताब से नवाजा गया। वहीं, अपनी प्रभावशाली शख्सियत के लिए प्रद्युम्न को 'मिस्टर पर्सनालिटी' और खुशी को 'मिस पर्सनालिटी' चुना गया। कार्यक्रम के दौरान जूनियर छात्रों ने नृत्य और गायन ने सबका मन मोह लिया।



### छात्रों ने जीएम कार्यालय पहुंचकर उठाईं समस्याएं

**हिसार।** विद्यार्थियों की बस पास से जुड़ी समस्या के समाधान की मांग पर छात्रों का दल जीएम कार्यालय पहुंचा। यहां पर इस मुद्दे पर चर्चा करते हुए समस्या के समाधान की मांग की गई। इनसो नेता दीपक घनघस के नेतृत्व में पहुंचे छात्रों ने अधिकारियों के साथ विस्तार से बातचीत करते हुए छात्रों की परेशानियों को मजबूती से रखा गया। रोडवेज प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा और छात्रों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। छात्रों ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फ्री बस पास की सुविधा दिए जाने के बावजूद प्राइवेट बस चालक छात्रों से किराया वसूल रहे हैं। किराया न देने पर उन्हें बस से नीचे उतार दिया जाता है, जो बेहद निंदनीय और अन्यायपूर्ण है। सरकार और प्रशासन से मांग है कि इस पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और ऐसी सख्त व्यवस्था की जाए जिससे किसी भी छात्र को परेशानी का सामना न करना पड़े।





### गुजवि ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नई बस खरीदी

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नई बस खरीदी है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर इस बस का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार सहित, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुकेश कुमार शर्मा, कुलपति के ओएसडी डा. तेजपाल सिंह चुंडावत, उप कुलसचिव शिवदयाल रंगा व अधीक्षक सतपाल सिंह उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए कृतसंकल्प है। यह बस विश्वविद्यालय की इसी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। इस बस के आने से विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य के लिए दूर दराज के क्षेत्रों में जाने में सुविधा रहेगी। इस बस की खरीद पर 34 लाख रुपये की लागत आई है। यह 40 सीटर बस सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।



### एनसीसी मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ने किया निरीक्षण

**हिसार।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रोहतक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एचएस बर्न ने प्रथम हरियाणा रिमाउंट एवं वेटरनरी स्क्वाड्रन एनसीसी, हिसार का वार्षिक प्रशासनिक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर यूनिट के अधिकारी कमांडिंग कर्नल विनीत बुटोला ने उनका स्वागत किया तथा यूनिट की प्रशासनिक कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण गतिविधियों एवं विभिन्न नवाचारों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। ब्रीफिंग के दौरान स्क्वाड्रन द्वारा अनुशासन, अश्व प्रशिक्षण (इक्वेस्ट्रियन) एवं कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्रिगेडियर बर्न ने यूनिट की प्रशासनिक व्यवस्था, प्रशिक्षण अवसंरचना एवं समग्र तैयारियों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने सेना के घोड़ों का निरीक्षण करते हुए उनकी देखभाल एवं रख-रखाव पर संतोष व्यक्त किया तथा संबंधित कार्मिकों के समर्पण और मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर बर्न ने सेना के जवानों, नागरिक कर्मचारियों तथा लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के एनसीसी कैडेट्स एवं एएनओ डॉ. अर्चना लोहिया तथा एएनओ डॉ. नरेंद्र सिंह से संवाद किया।